जारी
25/8/25

उत्तराखण्ड शासन
संस्कृत शिक्षा अनुभाग
संख्या– 282 /XLII-1/2025/06(05)2018
देहरादून: दिनांक 25 अगस्त, 2025

महानिदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
लाडपुर, रिंग रोड, निकट किसान भवन,
देहरादून, उत्तराखण्ड।

कृपया संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन की विज्ञप्ति संख्या–242/XLII-1/2025/06(05)2018 दिनांक 31 जुलाई, 2025, जिसके द्वारा उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार में कुलपति की नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति निर्गत की गयी है।

2. उक्त विज्ञप्ति में आंशिक संशोधन करते हुए आवेदन पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित किये जाने हेतु अंतिम तिथि दिनांक 01 सितम्बर, 2025 सायं 06:00 बजे तक अंकित करने का कष्ट करें। विज्ञप्ति की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

3. विज्ञप्ति में उक्त संशोधन संलग्न कर आपको इस आशय से प्रेषित है कि कृपया उक्त संशोधित विज्ञप्ति को दिनांक 26.08.2025 के समाचार पत्र में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

(दीपक कुमार)
सचिव।

**संख्या– 282 /XLII-1/2025/06(05)2018 तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– सचिव श्री राज्यपाल/कुलाधिपति, राजभवन, उत्तराखण्ड देहरादून।

2– निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून एवं निदेशक, आई0टी0डी0ए0, आई0टी0 पार्क, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि उक्त संशोधन सूचना को नियमानुसार शासकीय वेबसाइट पर भी प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

3– कुलसचिव, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया संलग्न संशोधन सूचना को संस्कृत विश्वविद्यालय की शासकीय वेबसाइट सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी प्रकाशित करने का कष्ट करें।

4–गार्ड फाइल।

(दीपक कुमार)
सचिव।

कार्यालय–सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून।

पत्रांक– 283 / XLII-1– / 2025–06(05)2018 देहरादूनः दिनांक 25 अगस्त, 2025

## आवश्यक सूचना

अवगत कराया जाना है कि विज्ञप्ति संख्या–242 / XLII–1 / 2025–06(05)2018 दिनांक 31.07.2025 द्वारा उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा–12(2) एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियम, 2018 के नियम 7(3) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार में कुलपति (वेतनमान रू0 2,10,000.00 नियत एवं अन्य सुविधाएं अनुमन्यता के आधार पर) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए थे।

उक्त विज्ञप्ति हेतु आवेदन पत्र दिनांक 25 अगस्त, 2025 तक आमंत्रित किये गए थे, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए **आवेदन पत्र जमा किये जाने हेतु अंतिम तिथि दिनांक 01 सितम्बर, 2025 तक** विस्तारित की जाती है।

अतः उक्त पद हेतु निर्धारित समस्त अर्हताओं को पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी वांछित अभिलेखों सहित निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 01 सितम्बर, 2025, सायं 06:00 बजे तक संयोजक, सर्च–कमेटी / सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सचिवालय, कक्ष संख्या–205, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम भवन, 04 सुभाष रोड, देहरादून–248001 में अथवा ई0 मेल आई0डी0–secy-sansedu@uk.gov.in पर दिनांक 01 सितम्बर, 2025 की रात्रि 12:00 बजे तक (समस्त अभिलेखों की स्कैन प्रति संलग्न करते हुए) जमा कर सकते हैं। निर्धारित प्रारूप तथा निर्धारित समय–सीमा के भीतर प्राप्त न होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(दीपक कुमार)<br>
सचिव,<br>
संस्कृत शिक्षा विभाग,<br>
उत्तराखण्ड शासन।